# नो चाइल्ड लेफ्ट आउट: विविधता पूर्ण ऑस्ट्रेलिया के लिए बच्चों के विकास हेतु योजना बनाना

## NCDRC क्या है?

राष्ट्रीय सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध (CALD) अक्षमता सुधार समिति, समावेशी अक्षमता सुधार हेतु सामुहिक सुझाव देने के लिए और बहुसांस्कृतिक समुदायों का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया भर में सेवाओं, शीर्ष निकायों और सामुदायिक संगठनों के एक नेटवर्क को एक साथ लाती है।

## जोखिम में क्या है

**ऑस्ट्रेलियाई लोगों में से 51%** पहली या दूसरी पीढ़ी के प्रवासी हैं, लेकिन NDIS के केवल 10% प्रतिभागी सांस्कृतिक रूप से विविध हैं

**CALD के 50% बच्चों** को शुरुआती हस्तक्षेप प्राप्त होने की संभावना कम होती है और बिना सहायता के कारण 80% तक बच्चों के, विकासात्मक रूप से दुर्बल होने की संभावना अधिक होती है

**लक्षित शुरुआती हस्तक्षेप के बिना, आज की भूल कल की विफलता बन जाती है**

## क्या अड़चन है

- भाषा, संवाद और सांस्कृतिक बाधाएं
- जटिल प्रणालियां और कम डिजिटल साक्षरता
- पात्रता संबंधी बाधाएं (वीज़ा कारकों सहित)
- नकारात्मक धारणाएँ, भय, और सेवाओं के प्रति अविश्वास
- सामाजिक-आर्थिक नुकसान
- उपलब्ध सेवाओं के बारे में सीमित जागरूकता

## क्या काम करता है

- प्रत्यक्ष (लिव्ड) अनुभव पर आधारित बहुभाषी, सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित जानकारी और शिक्षा
- गहरी सांस्कृतिक समझ, उत्तरदायी समर्थन को आकार देना और सेवा में कमियों की पहचान करना
- रैफरल की सुदृढ़ व्यवस्थित प्रक्रियाएँ तथा सरकार और समुदायों के बीच संबंध

**इस प्रणाली की सफलता और समान तथा उचित अवसरों के लिए सांस्कृतिक रूप से सक्षम सेवाएं महत्वपूर्ण हैं**

## किन चीज़ों की आवश्यकता है

**योजना के संचालन, रूपरेखा, कार्यान्वयन और मूल्यांकन का मार्गदर्शन करने के लिए CALD सलाहकार समितियों की स्थापना करना**

परामर्श प्रक्रिया में वास्तविक प्रतिनिधित्व का अर्थ है और अधिक गहन जानकारी तथा बेहतर परिणाम

**सेवा मिश्रण में सांस्कृतिक रूप से विविध संगठनों को शामिल करना**

बहुभाषी कार्यकर्ता और मजबूत सांस्कृतिक नेटवर्क होने से विश्वास बढ़ता है, सुगम्यता और रैफरल की प्रक्रियाएँ आसन होती हैं, तथा एक टिकाऊ उद्यम को प्रोत्साहन मिलता है।

**सांस्कृतिक रूप से समावेशी सेवा प्रदान करने के लिए योजना के बुनियादी ढांचे में निवेश करना**

CALD लाभार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप दुभाषिए, कार्यबल योजना और संचार संसाधन यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी वंचित न रहे

## इससे क्या परिणाम मिलता है

- बच्चों के लिए शीघ्र पहचान और सहायता
- सुगम्यता और सहभागिता में वृद्धि
- परिवारों और समुदायों के लिए मजबूत परिणाम
- एक निष्पक्ष और प्रभावी प्रणाली जो वास्तविक जरूरतों को पूरा करती है

**CALD के विचारों, विशेषज्ञता और नेतृत्व को थ्राइविंग किड्स नामक इस पहल के केंद्र में समाहित करना**